पकड़ने के लिए आगे बढ़ी वैसे ही वह उस गड्ढे में जा गिरी। लाख कोशिशों के बाद जब बिल्ली गड्ढे से न निकल सकी तो वह चूहों से मदद के लिए गिड़गिडाने लगी और चूहों को कभी नुकसान न पहुँचाने की कसम खाई। चूहों को उस बिल्ली पर दया आ गई, उन्होंने बिल्ली को बाहर निकाल लिया और सब मिल-जुलकर रहने लगे।

शिक्षा—बुद्धि बल से श्रेष्ठ है।

आओ कुछ करें

- छात्र स्वयं करें।

पाठ — 19
अपठित गद्यांश

1. रमज़ान के महीने के बात चाँद दिखाई देने के अगले दिन ईद का त्योहार मनाया जाता है।
2. रमजान के महीने की सबसे खास बात यह है कि मुसलमान भाइयों के लिए यह महीना सबसे पवित्र माना जाता है। वे इस पूरे महीने रोज़ा रखते हैं।
3. रोज़े समाप्त होने के बाद दिखाई देने वाला चाँद 'ईद का चाँद' कहलाता है।
4. ईद की नमाज़ ईदगाह में पढ़ी जाती है।
5. हमीद भाई, आजकल ईद का चाँद हो रहे हो, नज़र नहीं आते।

पाठ — 20
अनुच्छेद-लेखन

नोट— छात्र पाठ में दिए गए अनुच्छेदों को पढ़कर अनुच्छेद लेखन का अभ्यास करें।

प्रश्न-पत्र : 1

1. (क) (✓) **(ख)** (✓)
(ग) (✗) **(घ)** (✓)
(ङ) (✗)

2.

अम्मा	घड़ा	काठ
घर	चोंच	धुआँ
घी	आगे	काम
उल्लू	घोड़ा	आग
कंगन	चाँदनी	

3.

यौवन	नारीत्व
मित्रता	बुढ़ापा
भक्ति	पुरुषत्व
घरेलू	प्रभुत्व

4. (क) **पुल्लिंग**—पुरुष-जाति (नर वर्ग) के होने का बोध कराने वाले शब्दों को **पुल्लिंग** कहते हैं; जैसे—बैल, अध्यापक, शेर आदि।

स्त्रीलिंग—स्त्री-जाति (मादा वर्ग) के होने का बोध कराने वाले शब्दों को **स्त्रीलिंग** कहते हैं; जैसे—गाय, अध्यापिका, शेरनी आदि।

(ख) शब्द के जिस रूप से वस्तु या व्यक्ति के एक या अनेक होने का बोध हो, उसे 'वचन' कहते हैं;
जैसे—एक के लिए (एकवचन)—बकरी, बच्चा, मछली आदि। अनेक के लिए (बहुवचन)—बकरियाँ, बच्चे, मछलियाँ आदि।

(ग) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया करने वाले का बोध होता है, उसे कर्ता कारक कहते हैं जैसे—राम ने पुस्तक खरीदी।

(घ) सर्वनाम शब्द निम्नलिखित छः प्रकार के होते हैं—
1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम।

प्रश्न–पत्र : 2

1. (क) (i) रोना

(ख) (iii) अपमान

(ग) (ii) रंक

(घ) (ii) शिव

(ङ) (i) जलधि

2. (क) ! ?

(ख) ?

(ग) , ,

(घ) ।

3. मित्र को उपहार भेजने हेतु धन्यवाद-पत्र।

राज कॉलोनी, सीकर (राज.)

दिनांक–06/02/20--

प्रिय मित्र नरेन्द्र,

नमस्कार।

यहाँ हम सभी कुशलपूर्वक हैं, आशा करते हैं आप भी अपने परिवार के साथ सकुशल होंगे। मित्र! कल तुम्हारा भेजा हुआ कोरियर प्राप्त हुआ। बड़ी प्रसन्नता हुई कि तुमने मेरे जन्मदिन पर अत्यन्त उपयोगी भेंट घड़ी भेजी है।

भेंट पाकर मुझे बड़ी खुशी हुई। यह घड़ी हमेशा समय के लिए मुझे पाबंद रखेगी और तुम्हारी याद दिलाती रहेगी।

चाचा-चाची को मेरा सादर प्रणाम तथा अरविंद को ढेर सारा प्यार।

तुम्हारा मित्र

सुशील कुमार

4. मेरा प्रिय मित्र

दीपेश मेरा प्रिय मित्र है। हम दोनों एक ही विद्यालय में तथा एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। वह आठ वर्ष का है। उसके माता-पिता अध्यापक हैं। वह अपने शिक्षकों तथा बड़ों का बहुत सम्मान करता है। वह पढ़ने में बहुत होशियार है। वह कक्षा में हमेशा प्रथम आता है। पढ़ाई के साथ-साथ वह खेलों में भी रुचि रखता है। सभी बच्चे व अध्यापक उसे पसंद करते हैं। वह बहुत बुद्धिमान व हँसमुख है। प्रत्येक प्रतियोगिता में वह हमेशा प्रथम आता है। वह विद्यालय के प्रत्येक नियम का पालन करता है। पढ़ाई में वह सदैव मेरी मदद करता है। मैं अपने मित्र से बहुत प्रेम करता हूँ। मुझे अपने मित्र पर गर्व है।

❑❑

हिन्दी व्याकरण-5

पाठ — 1
भाषा और व्याकरण

मौखिक

1. अपने भावों और विचारों को बोलकर, पढ़कर या लिखकर प्रकट करने के माध्यम को भाषा कहते हैं।

2. (i) मौखिक भाषा (ii) लिखित भाषा (iii) सांकेतिक भाषा

3. व्याकरण के तीन भेद हैं—(i) वर्ण-विचार (ii) शब्द-विचार (iii) वाक्य-विचार।

4. शुद्ध पढ़ने, लिखने और बोलने के लिए व्याकरण पढ़ना आवश्यक है।

लिखित

1. (क) मौखिक **(ख)** बोली
(ग) राजभाषा **(घ)** देवनागरी

2.

संस्कृत	मलयालम
मैथिली	उड़िया
तमिल	तेलुगू
असमिया	बांग्ला
पंजाबी	मराठी
हिन्दी	

3.

देवनागरी	फारसी	रोमन
देवनागरी	देवनागरी	गुरुमुखी

4. (क) (✓) **(ख)** (×)
(ग) (×) **(घ)** (✓)
(ङ) (✓)

5. (क) जिस माध्यम से मनुष्य अपने भावों और विचारों को प्रकट करता है और दूसरे के विचारों को समझता है, उसे **भाषा** कहा जाता है।

भाषा के तीन प्रकार हैं—(1) लिखित (2) मौखिक (3) सांकेतिक।

(ख) जब एक सीमित क्षेत्र में भाषा के अनेक स्थानीय रूप विकसित हो जाते हैं, तो उसे बोली कहते हैं। जैसे—राजस्थानी, मैथिली, मारवाड़ी।

(ग) किसी भी भाषा के लिखने की विधि को **लिपि** कहा जाता है। जैसे—हिन्दी भाषा की लिपि देवनागरी है।

(घ) जो शास्त्र हमें वर्णों, शब्दों और वाक्यों के शुद्ध प्रयोग की जानकारी देता है, उसे व्याकरण कहते हैं। व्याकरण के तीन भेद हैं— (1) वर्ण-विचार (2) शब्द विचार (3) वाक्य-विचार।

आओ कुछ करें

- छात्र स्वयं करें।
-

	भाषा	देश
1.	हिन्दी	भारत
2.	चीनी	चीन
3.	फ्रेंच	फ्रांस
4.	स्पेनी	स्पेन
5.	पुर्तगाली	पुर्तगाल
6.	जापानीज	जापान
7.	इटालियन	इटली
8.	इंडोनेशियन	इंडोनेशिया
9.	अंग्रेजी	ब्रिटेन
10.	अरबी	अरब देश

- छात्र स्वयं करें।
- **1.** हिन्दी **2.** मलयालम
3. तेलुगू **4.** गुजराती
5. पंजाबी

पाठ — 2
वर्ण–विचार

मौखिक

1. स्वर और व्यंजन

2. अ रहित व्यंजन को लिखने के लिए

लिखित

1. (क) (✓) (ख) (✓)
   (ग) (✓) (घ) (×)
   (ङ) (✓)
2. (क) अ (ख) 52
   (ग) ङ, ढ़ (घ) अं, अः
3. (क) शब्द का सबसे छोटा खंड, जिसके और खंड न हो सकें, उसे **वर्ण** कहते हैं। जैसे—क्, ख्, ग् आदि।
   (ख) किसी भाषा के वर्णों का निश्चित और क्रमबद्ध समूह वर्णमाला कहलाता है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 वर्ण हैं।
   (ग) जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता से होता है; उन्हें स्वर कहते हैं।
   ह्रस्व स्वर—जिन स्वरों के उच्चारण में कम-से-कम समय लगता है, उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं। जैसे—अ, इ, उ, और ऋ।
   दीर्घ स्वर—जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वरों की अपेक्षा अधिक समय लगता है, उन्हें दीर्घ स्वर कहते हैं। जैसे—आ, ई, ऊ आदि।
   (घ) जिनके उच्चारण में स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है; उन्हें व्यंजन कहते हैं। **भेद**—1. स्पर्श व्यंजन, 2. अंत:स्थ व्यंजन, 3. ऊष्म व्यंजन।

आओ कुछ करें

- चंद वंश कंस
  मंच बंद
- क्षमा ज्ञानी त्रिलोक श्रमदान
  बच्चा पक्का कच्चा धक्का
- हंस सरोवर में तैर रहा है।
- बालक हँस रहा है।

पाठ — 3
वर्ण-संयोग

मौखिक

1. व्यंजन में स्वर को मात्रा के रूप में जोड़ना **वर्ण-संयोग** कहलाता है।
2. **र्** में स्वर नहीं होने पर यह अपने से आगे वाले व्यंजन के ऊपर चला जाता है और इसका (र्‍) हो जाता है। **र्** का यह रूप **रेफ** कहलाता है; जैसे—
   क् + अ + र् + म् + अ = कर्म
   ध् + अ + र् + म् + अ = धर्म
3. 'क' वर्ग, 'च' वर्ग, 'ट' वर्ग, 'त' वर्ग तथा 'प' वर्ग के पाँचवें अक्षर (वर्ण) को पंचमाक्षर कहते हैं।

लिखित

1. (क) (✓) (ख) (✓)
   (ग) (✓) (घ) (✓)
2. (क) ख्‍ + य ख्याति
   (ख) ग्‍ + य अग्य
   (ग) ध्‍ + य ध्यान
   (घ) ल्‍ + ब बल्ब
3. (क) — कमल, चमक
   (ख) ि नियम, शिव
   (ग) ी गीता, झील
   (घ) ृ गृह, मृदा
4. (क) स्वर का व्यंजनों का योग विशेष चिह्न या मात्राओं द्वारा होता है। जैसे—क् + अ + म् + अ + ल् + अ = कमल
   (ख) जब व्यंजन को व्यंजन से मिलाते हैं, तो इनके बीच स्वरों का लोप हो जाता है। इन व्यंजनों को आधा लिखा जाता है; जैसे—भाग्य, कल्प आदि।

आओ कुछ करें

- पंकज गन्ना
  वर्ण-संयोग-व्यंजन में स्वर को मात्रा के रूप में जोड़ना वर्ण संयोग कहलाता है।

पाठ — 4
शब्द-विचार

मौखिक

1. अर्थ के आधार पर शब्द के चार भेद हैं—
   1. समानार्थी शब्द 2. विपरीतार्थी शब्द
   3. एकार्थी शब्द 4. अनेकार्थी शब्द

समानार्थी शब्द–वे शब्द जिनके अर्थों में समानता होती है, **समानार्थी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–

हवा–वायु, समीर, पवन

आग–अग्नि, ज्वाला, अनल।

विपरीतार्थी शब्द–वे शब्द जो अर्थ और प्रयोग की दृष्टि से एक-दूसरे के विपरीत होते हैं, उन्हें **विपरीतार्थी शब्द** कहते हैं। जैसे–उलटा-सीधा, ऊपर-नीचे, अनुकूल-प्रतिकूल, सत्य-असत्य आदि।

एकार्थी शब्द–वे शब्द जिनका अपना एक ही अर्थ होता है, **एकार्थी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–सोफा, बाल्टी, स्वेटर, टी. वी., चित्र, पेड़, सूर्य आदि।

अनेकार्थी शब्द–वे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, **अनेकार्थी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–

गुरु–एक ग्रह, शिक्षक, श्रेष्ठ

काल–यमराज, मृत्यु, समय।

2. रचना के आधार पर शब्दों को तीन भागों में बाँटा गया है–

1. रूढ़ शब्द 2. यौगिक शब्द
3. योगरूढ़ शब्द

3. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के चार भेद हैं–

1. तत्सम शब्द 2. तद्भव शब्द
3. देशज शब्द 4.विदेशी शब्द

4. प्रयोग के आधार पर शब्दों को दो भागों में बाँटा गया है–

1. विकारी शब्द 2. अविकारी शब्द

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (✓)
(ग) (×) **(घ)** (✓)
(ङ) (✓)

2.

चर्म	आठ	छटपटाना	तोप
उच्च	ऊँचा	सटकना	आसमान
कृषक	आम	खिचड़ी	कॉलेज
घृणा	लकड़ी	कान	रिश्वत
सर्प			

3. (क) वह वर्ण-समूह जिसका कोई सार्थक अर्थ होता है, उसे **शब्द** कहते हैं।

हिंदी भाषा में शब्द के चार भेद हैं–

1. अर्थ के आधार पर शब्द
2. रचना के आधार पर शब्द
3. उत्पत्ति के आधार पर शब्द
4. प्रयोग के आधार पर शब्द

(ख) अर्थ के आधार पर शब्द के चार भेद हैं–

1. समानार्थी शब्द 2. विपरीतार्थी शब्द
3. एकार्थी शब्द 4. अनेकार्थी शब्द

समानार्थी शब्द–वे शब्द जिनके अर्थों में समानता होती है, **समानार्थी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–

हवा–वायु, समीर, पवन

आग–अग्नि, ज्वाला, अनल।

विपरीतार्थी शब्द–वे शब्द जो अर्थ और प्रयोग की दृष्टि से एक-दूसरे के विपरीत होते हैं, उन्हें **विपरीतार्थी शब्द** कहते हैं। जैसे–उलटा-सीधा, ऊपर-नीचे, अनुकूल-प्रतिकूल, सत्य-असत्य आदि।

एकार्थी शब्द–वे शब्द जिनका अपना एक ही अर्थ होता है, **एकार्थी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–सोफा, बाल्टी, स्वेटर, टी. वी., चित्र, पेड़, सूर्य आदि।

अनेकार्थी शब्द–वे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, **अनेकार्थी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–

गुरु–एक ग्रह, शिक्षक, श्रेष्ठ

काल–यमराज, मृत्यु, समय।

(ग) रूढ़ शब्द–वे शब्द जो अन्य शब्दों के मेल से नहीं बनते और जिनके खंडों का कोई अर्थ नहीं होता है, **रूढ़ शब्द** कहलाते हैं; जैसे–दवात, किताब, सूर्य, गुण, कठिन, घोड़ा आदि।

यौगिक शब्द–वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बनते हैं और जिनके खंडों का अर्थ होता है, यौगिक शब्द कहलाते हैं; जैसे–विद्यालय–विद्या + आलय,

भाग्योदय–भाग्य + उदय।

(घ) विकारी शब्द–वे शब्द जो वाक्य में प्रयोग करने पर लिंग, वचन और कारक के अनुसार परिवर्तित हो जाते हैं, **विकारी शब्द** कहलाते हैं; जैसे–बच्चा, मैं, सुंदर, खाया आदि। ये चार प्रकार के हैं–

1. संज्ञा 2. सर्वनाम
3. विशेषण 4. क्रिया

अविकारी शब्द—वे शब्द जिनका वाक्यों में प्रयोग करने पर लिंग, वचन और कारक के अनुसार परिवर्तन नहीं होता, **अविकारी शब्द** कहलाते हैं; जैसे—के पास, आज, कल, के बिना, परंतु, किंतु ओह!, अरे! आदि। ये चार प्रकार के हैं—

1. क्रिया विशेषण
2. समुच्चय बोधक
3. संबंधबोधक
4. विस्मयादिबोधक

(ङ) तत्सम शब्द—संस्कृत के उन शब्दों को जिन्हें हिंदी में बिना किसी परिवर्तन के उनके मूलरूप में प्रयोग किया जाता है, **तत्सम शब्द** कहते हैं; जैसे—अग्नि, कृषक, शिक्षा, भिक्षा आदि।

तद्भव शब्द—संस्कृत के जिन शब्दों को परिवर्तित करके हिंदी में प्रयोग किया जाता है, उन्हें **तद्भव शब्द** कहते हैं; जैसे—आग, किसान, सीख, भीख आदि।

4.

इज़्ज़त	अचार	स्कूल	तोप
गमला	डॉक्टर	तमंचा	फ़कीर

5.

पुस्तक	विद्यालय	लंबोदर	
मोर	नील कमल	लंकेश	
कलम	महात्मा	परमात्मा	हिमालय

आओ कुछ करें

- संगणक यंत्र, विद्यालय, ध्वनि ग्रहण यंत्र, दूरभाष
- हिरन, घोड़ा
  ऊँट, हाथी
  बिल्ली, जिराफ
  कुत्ता, शेर
  गाय, बकरी

पाठ — 5
संज्ञा

मौखिक

1. वे शब्द जिनके द्वारा किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, जाति या भाव के नाम का बोध हो, उन्हें **संज्ञा** कहते हैं।

2. संज्ञा के तीन भेद हैं—
1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (✓)
(ग) (×) **(घ)** (×)
(ङ) (✓)

2. (क) स्व **(ख)** काला
(ग) कठोर **(घ)** मारना
(ङ) भूलना **(च)** अनेक

3.

नदी	सचिन तेंदुलकर	सुंदरता	सेना	सोना
चोर	दिल्ली		कक्षा	पत्थर
मोर	कबीरदास		पुस्तकालय	यमुना
	वाराणसी			
	सेब			

4. (क) संज्ञा के तीन भेद हैं—
1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा

व्यक्तिवाचक संज्ञा—जिन संज्ञा शब्दों से किसी विशेष प्राणी, वस्तु या स्थान आदि के नाम का बोध होता है, उन्हें **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—महात्मा गांधी, गीता, श्रीरामचरितमानस, अक्षरधाम मंदिर आदि।

जातिवाचक संज्ञा—जिन संज्ञा शब्दों से एक ही जाति या वर्ग के सभी प्राणियों, वस्तुओं अथवा स्थानों के नाम का बोध हो, उन्हें **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—घर, विद्यालय, पहाड़, पक्षी आदि।

भाववाचक संज्ञा—जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, अवस्था, भाव आदि का बोध होता है, उन्हें **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—आदर, वीरता, त्याग, आलस्य, प्रेम, बुढ़ापा, घृणा, सुंदरता, पढ़ाई, खेल, मित्रता, शत्रुता आदि।

(ख) जातिवाचक और व्यक्तिवाचक संज्ञा में अंतर—व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा को एक विशेष नाम दिए जाने से बनती है; जैसे—

जातिवाचक संज्ञा	व्यक्तिवाचक संज्ञा
पुस्तक	महाभारत, गीता, रामायण आदि
व्यक्ति	लक्ष्मीबाई, शिवाजी, कृष्ण, अर्जुन, शिव आदि।
नदी	यमुना, गंगा, कावेरी, सिंधु आदि।

देश	भारत, अमेरिका, श्रीलंका, चीन आदि।
स्थान	मथुरा, हैदराबाद, दिल्ली, इलाहाबाद आदि।

(ग) पदार्थवाचक संज्ञा—जिन संज्ञा शब्दों से किसी पदार्थ का बोध होता है, उन्हें **पदार्थवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—सोना, चाँदी, पत्थर, लकड़ी, दूध आदि।

समूहवाचक संज्ञा—जिन संज्ञा शब्दों से किसी प्राणी या वस्तु के समूह या समुदाय का बोध होता है, उन्हें **समूहवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—सेना, कक्षा, परिवार, पुस्तकालय, भीड़ आदि।

(घ) भाववाचक संज्ञा—जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, अवस्था, भाव आदि का बोध होता है, उन्हें **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—आदर, वीरता, त्याग, आलस्य, प्रेम, बुढ़ापा, घृणा, सुंदरता, पढ़ाई, खेल, मित्रता, शत्रुता आदि।

आओ कुछ करें

- शिक्षक मोहित पढ़ाई पुस्तकालय ईंट
  छात्र रीना प्रार्थना कक्षा पत्थर
- यमुना नरेन्द्र मोदी रामायण
  अमिताभ बच्चन ऐश्वर्या राय दिल्ली
  आम गुलाब पीपल

पाठ — 6
लिंग

मौखिक

1. संज्ञा शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष अथवा स्त्रीजाति के होने का बोध हो, उसे **लिंग** कहते हैं।

2. हिन्दी भाषा में लिंग के दो भेद हैं—

1. पुल्लिंग **2.** स्त्रीलिंग

3. संज्ञा शब्द के जिस रूप से पुरुष-जाति के होने का बोध हो, उसे पुल्लिंग कहते हैं।

4. संज्ञा शब्द के जिस रूप से स्त्री-जाति के होने का बोध हो, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।

लिखित

1. (क) (×) **(ख)** (×)
(ग) (✓) **(घ)** (✓)
(ङ) (✓)

2. (क) पड़ोसिन **(ख)** शिष्या
(ग) सिंहनी **(घ)** हंसिनी
(ङ) नौकरानी (च) गुड़िया

3. (क) स्त्रीलिंग—वे शब्द जिनसे स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे—छात्रा, गायिका, सेविका, धोती, नाव, झील आदि।

पुल्लिंग—वे शब्द जिनसे पुरुष-जाति के होने का बोध होता है, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं; जैसे—आम, सुनार, मंदिर, कमरा, बालक, चश्मा, माली आदि।

(ख)
- 'अ' और 'आ' ध्वनि से समाप्त होने वाली संज्ञाएँ प्रायः पुल्लिंग होती हैं; जैसे—पर्वत, चावल, लोक, दिखावा, पैसा, परदा, गुस्सा आदि।
- कुछ देशों के नाम सदैव पुल्लिंग रहते हैं; जैसे—भारत, जापान, आस्ट्रेलिया, नेपाल, चीन आदि।
- बोलियों, भाषाओं और लिपियों के नाम सदैव स्त्रीलिंग रहते हैं; जैसे—अवधी, हिंदी, अंग्रेज़ी, देवनागरी, गुरुमुखी, ब्रज आदि।
- नक्षत्रों और तिथियों के नाम प्रायः स्त्रीलिंग होते हैं; जैसे—प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चित्रा, रोहिणी आदि।

(ग) पुल्लिंग शब्दों के अंत में ई लगाकर—

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
दास	दासी
घोड़ा	घोड़ी

पुल्लिंग शब्दों के अंत में नी लगाकर—

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
मोर	मोरनी
शेर	शेरनी

आओ कुछ करें

- छात्र स्वयं करें।
- देवेश पिताजी कविता बुआ
  सोमेश चाचाजी देवांशी बहिन
  दीनदयाल दादाजी ममता दादीजी
- छात्र स्वयं करें।

पाठ — 7
वचन

मौखिक

1. जिन शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति की संख्या का बोध होता है, उन्हें **वचन** कहते हैं।

2. हिंदी व्याकरण में वचन के दो भेद हैं—

1. एकवचन 2. बहुवचन

लिखित

1. (क) चिड़िया उड़ रही है।

(ख) बच्चा खेल रहा है।

(ग) गायें घास चर रही हैं।

(घ) मोहन घर चला गया है।

(ङ) श्याम पुस्तक पढ़ रहा है।

2. (क) (✓) **(ख)** (✓)

(ग) (×) **(घ)** (✓)

(ङ) (×)

3. (क) चिड़ियाँ **(ख)** पहाड़ियाँ

(ग) कुटी **(घ)** लताएँ

(ङ) बहन **(च)** संतानें

(छ) पुस्तक **(ज)** आँखें

4. (क) जिन शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति की संख्या का बोध होता है, उन्हें **वचन** कहते हैं।

एक **तितली** उड़ रही है।

तीन **तितलियाँ** उड़ रही हैं।

एक **कुत्ता** भाग रहा है।

चार **कुत्ते** भाग रहे हैं।

ऊपर दिए गए वाक्यों में **तितली** और **कुत्ता** शब्द संख्या में एक होने का तथा **तितलियाँ** और **कुत्ते** शब्द संख्या में एक से अधिक होने का बोध करा रहे हैं।

(ख) हिंदी व्याकरण में वचन के दो भेद हैं—

1. एकवचन 2. बहुवचन

(ग) **एकवचन**—किसी व्यक्ति या वस्तु के संख्या में एक होने का बोध कराने वाले शब्द **एकवचन** कहलाते हैं; जैसे—बंदर, लड़की, गाय, घोड़ा आदि।

बहुवचन—किसी व्यक्ति या वस्तु के संख्या में एक से अधिक होने का बोध कराने वाले शब्द **बहुवचन** कहलाते हैं; जैसे—बँदरियाँ, लड़कियाँ, गायें, घोड़े आदि।

(घ) 1. एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों के अंतिम **या** को **याँ** में बदलकर।

2. एकवचन पुल्लिंग शब्दों के अंत में **आ** को **ए** में बदलकर।

आओ कुछ करें

- ब्लैक बोर्ड खिड़की दरवाजा डस्टर
  पुस्तकें मेजें कुर्सियाँ छात्राएँ
- खिलौना आम पत्ता गेंद
  केले बल्ले किताबें धातुएँ

पाठ — 8
कारक

मौखिक

1. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ इनका संबंध पता चलता है, उसे **कारक** कहते हैं।

2. कारक के आठ प्रकार हैं—

1. कर्ता कारक — ने

2. कर्म कारक — को

3. करण कारक — से, के द्वारा

4. संप्रदान कारक — के लिए, को

5. अपादान कारक — से (अलग होना)

6. संबंध कारक — का, के, की, रा, रे, री

7. अधिकरण कारक — में, पर

8. संबोधन कारक — हे! अरे! ओह!

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (×)

(ग) (✓) **(घ)** (×)

(ङ) (×)

2. (क) की **(ख)** में

(ग) पर **(घ)** की

3. (क) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ इनका संबंध पता चलता है, उसे **कारक** कहते हैं।

कारक के आठ प्रकार हैं–

1. कर्ता कारक – ने
2. कर्म कारक – को
3. करण कारक – से, के द्वारा
4. संप्रदान कारक – के लिए, को
5. अपादान कारक – से (अलग होना)
6. संबंध कारक – का, के, की, रा, रे, री
7. अधिकरण कारक – में, पर
8. संबोधन कारक – हे! अरे! ओह!

(ख) **कर्म कारक**–जिस शब्द पर कर्ता द्वारा किए जाने वाले कार्य का प्रभाव पड़ता है, उसे **कर्म कारक** कहते हैं। इसका परसर्ग **को** है; जैसे–

1. रोहन **बाजार** जा रहा है।

2. कल्पना ने **गाय** को रोटी खिलाई।

उपर्युक्त वाक्यों में बाजार और गाय कर्म कारक हैं। पहले वाक्य में कोई परसर्ग नहीं है, जबकि दूसरे वाक्य में को परसर्ग है।

अत: कर्म कारक को परसर्ग सहित तथा बिना परसर्ग के भी प्रयोग किया जाता है।

(ग) **अपादान कारक**–जिन शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति का अलग होना पाया जाए, उसे **अपादान कारक** कहते हैं। इसका परसर्ग **से** है; जैसे–

1. पेड़ **से** पत्ते गिरते हैं।
2. वह छत **से** गिर पड़ा।

संबंध कारक–जो शब्द वाक्य में आए अन्य शब्दों से संबंध बताते हैं, उन्हें **संबंध कारक** कहते हैं। इसके परसर्ग **का, के, की** तथा **रा, री, रे** हैं।

1. यह पेन रुचि **का** है।
2. वे हमा**रे** कक्षाध्यापक हैं।

4. छात्र श्यामपट्ट से पढ़ रहे हैं।
माँ छत पर बैठी है।
कृतिका स्कूल के लिए जा रही है।
पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं।

से	पर	के लिए	से
करण कारक	अधिकरण	संप्रदान	अपादान

आओ कुछ करें

- छात्र स्वयं करें।

पाठ – 9
सर्वनाम

मौखिक

1. सबका नाम।
2. संज्ञा के स्थान पर
3. तीन भेद होते हैं।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (×)
(ग) (×) **(घ)** (✓)
(ङ) (✓)

2.

उसके	उसकी	वह
वह	वह	वह
उसके		

3. (क) वह **(ख)** कुछ
(ग) जो, वह **(घ)** वह
(ङ) मैं

4. (क) जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर होता है, उन्हें **सर्वनाम** कहते हैं।

सर्वनाम के छः भेद हैं–

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. प्रश्नवाचक सर्वनाम
5. निजवाचक सर्वनाम
6. संबंधवाचक सर्वनाम

(ख) **पुरुषवाचक सर्वनाम**–सर्वनाम का जो रूप वक्ता, श्रोता तथा अन्य किसी व्यक्ति का बोध कराता है, उसे **पुरुषवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे–

मैं स्कूल जा रहा हूँ। **तुम** अंदर जाओ।
वह क्रिकेट खेलने जा रहा है।

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं–



(ग) संबंधवाचक सर्वनाम—वे सर्वनाम शब्द जो वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध प्रकट करते हैं, उन्हें **संबंधवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे-सो, जैसा-वैसा, जिसकी-उसकी आदि।

जैसी करनी, **वैसी** भरनी।

जिसे तुम चाहो, **उसे** बुला लो।

ऊपर दिए गए उदाहरणों में **जैसी-वैसी, जिसे-उसे** आदि ऐसे शब्द हैं, जिनसे सर्वनामों के मध्य संबंध प्रकट हो रहा है, इन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।

(घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम—जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, उन्हें **प्रश्नवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे—कौन, क्या, किसने, किसे, किससे आदि।

परदे के पीछे **कौन** बैठा है?

तुम्हारे पिताजी का **क्या** नाम है?

मेरा खिलौना **किसने** तोड़ा?

उपर्युक्त वाक्यों में **कौन**, **क्या**, **किसने** सर्वनाम शब्द, प्रश्न पूछने के लिए प्रयुक्त हुए हैं। इसलिए ये प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं।

(ङ) निजवाचक सर्वनाम—निज अर्थात् स्वयं। जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर्ता अपने लिए करता है, उन्हें **निजवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे—स्वयं, खुद, अपने-आप आदि।

वह अपने कपड़े **स्वयं** धोता है।

मैं अपना काम **खुद** करता हूँ।

उपर्युक्त वाक्यों में **स्वयं, खुद** आदि शब्दों का प्रयोग कर्ता अपने लिए कर रहा है, इन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं।

5. (क) मुझे **(ख)** तुम
(ग) कुछ **(घ)** स्वयं

आओ कुछ करें

- मैं, मेरा, स्वयं, खुद, अपने आप आदि।
- आप, तुम, तुमने, तुम्हारे, आपने आदि।

पाठ — 10
विशेषण

मौखिक

1. विशेषण

2. चार

लिखित

1. (क) (×) **(ख)** (✓)
(ग) (×) **(घ)** (×)
(ङ) (×)

2. (क) बारह — निश्चित संख्यावाचक
(ख) काले-काले—गुणवाचक
(ग) लाल—गुणवाचक
(घ) कुछ—अनिश्चित संख्यावाचक

3. (क) काला **(ख)** लालची
(ग) वीर **(घ)** अच्छा

4. (क) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को **विशेषण** कहते हैं।

विशेषण के चार भेद हैं—

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण
4. परिमाणवाचक विशेषण

(ख) गुणवाचक विशेषण—संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, आकार, स्थान, रंग, स्वभाव आदि का बोध कराने वाले शब्दों को **गुणवाचक विशेषण** कहते हैं। कुछ मुख्य प्रकार के गुणवाचक विशेषण निम्नलिखित हैं—

1. गुणबोधक 2. दोषबोधक
3. आकारबोधक 4. स्थानबोधक

(ग) विशेषण की तीन अवस्थाएँ हैं—

1. मूलावस्था—जब विशेषण केवल एक विशेष्य की विशेषता का बोध कराता है, तो उसे विशेषण की **मूलावस्था** कहते हैं; जैसे—

1. वैष्णवी **अच्छी** लड़की है।
2. विशाल मेरा **प्रिय** मित्र है।
3. प्रिया **मोटी** है।

उपर्युक्त वाक्यों में **अच्छी**, **प्रिय** और **मोटी** आदि

शब्द केवल एक विशेष्य की विशेषता बता रहे हैं, अत: यह विशेषण की मूलावस्था है।

2. **उत्तरावस्था**—जब विशेषण द्वारा दो वस्तुओं या व्यक्तियों की तुलना की जाती है, तो उसे विशेषण की **उत्तरावस्था** कहते हैं; जैसे—

1. वैष्णवी तुमसे **अधिक सुंदर** है।

2. अतुल राम का विशाल से **अधिक प्रिय** मित्र है।

3. प्रमिला प्रिया से **अधिक मोटी** है।

वाक्यों में **अधिक सुंदर**, **अधिक प्रिय**, **अधिक मोटी** आदि शब्दों से विशेष्यों के बीच तुलना हो रही है। अत: यह विशेषण की उत्तरावस्था है।

3. **उत्तमावस्था**—वह विशेषण जो किसी विशेष्य को अन्य सभी से बढ़कर बताता है, उसे विशेषण की **उत्तमावस्था** कहते हैं; जैसे—1. मुंबई भारत का **विशालतम** नगर है।

2. ताजमहल भारत में **सुंदरतम** इमारत है।

उपर्युक्त वाक्यों में **विशालतम** और **सुंदरतम** आदि विशेषण की उत्तमावस्थाएँ हैं।

(घ) सर्वनाम और संकेतवाचक विशेषण में अंतर

जब वह, ये, वे आदि शब्द वाक्यों में स्वतंत्र रूप में प्रयोग होते हैं, तो इन्हें **सर्वनाम** कहते हैं, किंतु जब ये शब्द वाक्य में संज्ञा से पहले आते हैं, तो इन्हें **संकेतवाचक विशेषण** या **सार्वनामिक विशेषण** कहते हैं; जैसे—

1. वह बीमार है। वह — सर्वनाम

2. वह व्यक्ति है। वह — सार्वनामिक विशेषण

पहले वाक्य में वह शब्द स्वतंत्र रूप में प्रयुक्त हुआ है, जबकि दूसरे वाक्य में संज्ञा से पहले प्रयोग हो रहा है। अत: पहले वाक्य में वह शब्द सर्वनाम तथा दूसरे वाक्य में संकेतवाचक विशेषण है।

आओ कुछ करें

- स्वच्छ — जल
  गहरा — कुआँ
  कपटी — मित्र
  दैनिक — पत्रिका
  ढेर-सा — अनाज
  भारी — गठरी

- **1.** व्यापारिक **2.** भारतीय
  3. लोभी **4.** दानी
  5. लालची **6.** रूपवान

पाठ — 11
क्रिया

मौखिक

1. धातु।

2. दो भेद।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (✓)
(ग) (✓) **(घ)** (×)

2.

बोलना	जाना
पढ़ना	बैठना

3. (क) गौरव पुस्तक पढ़ता है।
(ख) राजा गाना गाता है।
(ग) मोनू सेब खाता है।
(घ) दीपेश फुटबॉल खेलता है।

4. (क) किसी काम के होने या करने का बोध कराने वाले शब्दों को **क्रिया** कहते हैं। जैसे—

अभी पत्र **लिख रहा है**।

वैभव खाना **खा रहा है**।

चिड़ियाँ **उड़ रही हैं**।

उपर्युक्त वाक्यों में **लिख रहा है, खा रहा है, उड़ रही हैं** आदि शब्दों से किसी-न-किसी कार्य के होने का बोध हो रहा है, इन्हें **क्रिया** कहते हैं।

(ख) सकर्मक क्रिया—जिन वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म भी होता है, उन क्रियाओं को **सकर्मक क्रिया** कहते हैं।

एककर्मक क्रिया—जिन क्रियाओं में केवल एक कर्म होता है, **एककर्मक क्रिया** कहलाती हैं।

1. मदारी खेल दिखा रहा है।

2. तितलियाँ फूलों पर बैठी हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में **दिखा रहा है** तथा **बैठी हैं** क्रियाओं में एक-एक कर्म **खेल** तथा **फूल** हैं, इन्हें एककर्मक

क्रियाएँ कहते हैं।

द्विकर्मक क्रिया—वे क्रियाएँ जिनमें दो कर्म होते हैं, उन्हें **द्विकर्मक क्रिया** कहते हैं; जैसे—

1. खुशबू ने भिखारी को खाना दिया।
2. प्राची ने श्रेया को उपहार दिया।

उपर्युक्त वाक्यों में **खाना दिया** तथा **उपहार दिया** क्रियाओं के साथ क्रमश: दो-दो कर्म **भिखारी** और **खाना** तथा **श्रेया** और **उपहार** हैं, इन्हें द्विकर्मक क्रियाएँ कहते हैं।

(ग) अकर्मक क्रिया—जिन वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग नहीं होता है, उन्हें **अकर्मक क्रिया** कहते हैं; जैसे—

1. रवि खेलता है। 2. सुहाना खाती है।
3. वह सोता है।

उपर्युक्त वाक्यों में **खेलता है, खाती है, सोता है** आदि शब्द अकर्मक क्रियाएँ हैं।

अकर्मक क्रिया की पहचान—वाक्य में अकर्मक क्रिया की पहचान करने के लिए क्या से प्रश्न करते हैं। यदि कोई उत्तर प्राप्त न हो तो क्रिया अकर्मक क्रिया कहलाती है; जैसे—

संगीता रोती है।

प्रश्न—संगीता क्या रोती है?

उत्तर—कोई उत्तर नहीं

उपर्युक्त वाक्य में **क्या** प्रश्न करने पर कोई उत्तर नहीं मिल रहा है। अत: वाक्य में रोती है अकर्मक क्रिया है।

आओ कुछ करें

- पढ़ना रोना पीना

पाठ — 12
काल

मौखिक

1. क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य के करने या होने के समय का बोध होता है, उसे **काल** कहते हैं।

2. काल के तीन भेद हैं—

काल
वर्तमानकाल भूतकाल भविष्यत्काल



3. भविष्यत्काल के तीन भेद हैं—

1. सामान्य भविष्यत्काल
2. संभाव्य भविष्यत्काल
3. हेतु-हेतुमद् भविष्यत्काल

4. वर्तमानकाल के तीन भेद हैं—

1. सामान्य वर्तमानकाल
2. अपूर्ण वर्तमानकाल
3. संदिग्ध वर्तमानकाल

लिखित

1. (क) (×) **(ख)** (✓)
(ग) (✓) **(घ)** (✓)
(ङ) (✓)

2. (क) सामान्य भूतकाल **(ख)** हेतु-हेतुमद् भूतकाल
(ग) संदिग्ध भूतकाल **(घ)** अपूर्ण भूतकाल

3. (क) वह खेल रहा था।
(ख) वह कल दिल्ली गया।
(ग) नवनीत पुस्तक पढ़ता है।
(घ) मैं कल सर्कस देखूँगा।
(ङ) धोबी कपड़े धोएगा।

4. (क) क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य के करने या होने के समय का बोध होता है, उसे **काल** कहते हैं।

काल के तीन भेद हैं—

काल
वर्तमानकाल भूतकाल भविष्यत्काल



उदाहरण—1. वह सो रहा है। 2. वह सो रहा था। 3. वह सोएगा।

उपर्युक्त वाक्यों में क्रिया के होने का समय भिन्न-भिन्न है। पहले वाक्य में क्रिया चल रहे समय में, दूसरे वाक्य में क्रिया बीते हुए समय में तथा तीसरे वाक्य में क्रिया आने वाले समय में हो रही है। क्रिया के इस रूप को ही काल कहते हैं।

(ख) भूतकाल—जिस क्रिया के द्वारा कार्य के बीते हुए समय में समाप्त होने का पता चलता है, उसे **भूतकाल** कहते हैं; जैसे—

भूतकाल के छः भेद हैं–

1. सामान्य भूतकाल
2. आसन्न भूतकाल
3. पूर्ण भूतकाल
4. अपूर्ण भूतकाल
5. संदिग्ध भूतकाल
6. हेतु-हेतुमद् भूतकाल

(ग) **वर्तमानकाल**–क्रिया के जिस प्रकार से कार्य के वर्तमान समय में होने का पता चलता है, उसे **वर्तमानकाल** कहते हैं।

वर्तमानकाल के तीन भेद हैं–

1. सामान्य वर्तमानकाल
2. अपूर्ण वर्तमानकाल
3. संदिग्ध वर्तमानकाल

(घ) **भविष्यत्काल**–क्रिया के जिस रूप से कार्य के आने वाले समय में समाप्त होने का बोध हो, उसे **भविष्यत्काल** कहते हैं।

भविष्यत्काल के तीन भेद हैं–

1. सामान्य भविष्यत्काल
2. संभाव्य भविष्यत्काल
3. हेतु-हेतुमद् भविष्यत्काल

(ङ) **पूर्ण भूतकाल**–जिस काल में क्रिया के द्वारा किसी कार्य के भूतकाल में प्रारंभ होकर भूतकाल में ही समाप्त हो चुका था, भाव का बोध होता है, उसे **पूर्ण भूतकाल** कहते हैं; जैसे–

1. मैंने पाठ पढ़ा था।
2. बच्चे आए थे।

अपूर्ण भूतकाल–जिस काल में क्रिया के द्वारा किसी कार्य के भूतकाल में जारी रहने का बोध होता है, उसे **अपूर्ण भूतकाल** कहते हैं; जैसे–1. वह सोने जा रहा था। 2. हम बाज़ार जा रहे थे।

पाठ — 13
विराम-चिह्न

मौखिक

1. रुकना।
2. दो प्रकार के।
3. योजक चिह्न।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (✓)
(ग) (×) **(घ)** (✓)

2. (क) अद्‌र्ध विराम **(ख)** विस्मयादिबोधक चिह्न
(ग) लाघव चिह्न **(घ)** उप विराम
(ङ) कोष्ठक

3. (क) लिखित भाषा में विराम को प्रदर्शित करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें **विराम-चिह्न** कहते हैं।

जैसे–1. तुम्हारे यहाँ कौन आया है?
2. अरे! वह छत से गिर पड़ा।
3. राम, राहुल और आकाश मित्र हैं।

(ख) हिंदी भाषा में निम्नलिखित विराम-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है–

1.	पूर्ण विराम	।
2.	अल्प विराम	,
3.	अद्‌र्ध विराम	;
4.	प्रश्नवाचक चिह्न	?
5.	विस्मयादिबोधक चिह्न	!
6.	निर्देशक चिह्न	–
7.	दोहरे उद्‌धरण चिह्न	''----''
	इकहरे उद्‌धरण चिह्न	'----'
8.	उप विराम	:
9.	योजक चिह्न	-
10.	कोष्ठक	( )
11.	लाघव चिह्न	.

(ग) **प्रश्नवाचक चिह्न (?)**—प्रश्नसूचक वाक्यों के अंत में प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है; जैसे–
1. क्या वे पढ़ रहे हैं?
2. तुम कहाँ से आए हो?

(घ) **योजक चिह्न (-)**—दो शब्दों के बीच संबंध दर्शाने के लिए योजक चिह्न का प्रयोग करते हैं; जैसे–
1. गंगा-यमुना उत्तर भारत की नदियाँ हैं।
2. वह दिन-रात मेहनत करता है।

4. (क) हम अलग-अलग बस से मथुरा जाएँगे।
(ख) होली रंगों का त्योहार है।
(ग) आहा! कितना स्वादिष्ट भोजन है।
(घ) 'गोदान' मुंशी प्रेमचंद जी का प्रमुख उपन्यास है।

- छात्र स्वयं करें।

पाठ — 14
विपरीतार्थी और समानार्थी शब्द

मौखिक

1. विलोम शब्द।

2. पर्यायवाची शब्द।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (×)
(ग) (✓) **(घ)** (✓)

2.

कुशल	सयाना	पटु
लंबोदर	विनायक	गणपति
सूर्य	भानु	रवि
भागीरथी	देवनदी	मंदाकिनी
हिमवान	हिमाचल	नगपति

3. (क) हानि **(ख)** अंत

4.

मितव्ययी	अपव्ययी
आयात	निर्यात
दिन	रात
श्वेत	श्याम
सरस	नीरस

5. (क) जो शब्द एक-दूसरे का विपरीत अर्थ बताते हैं, उन्हें **विपरीतार्थी शब्द** कहते हैं।

(ख) एकसमान अर्थ प्रकट करने के लिए समानार्थी शब्दों का प्रयोग किया जाता है। जैसे—महादेव के समानार्थी शब्द शिव, शंकर, पशुपति आदि हैं।

आओ कुछ करें

- पाना, अन्याय

1. सत्य की हमेशा जीत होती है, **असत्य** हारता है।
2. जीवन में खोना और **पाना** लगा रहता है।
3. न्याय हमेशा **अन्याय** को पराजित करता रहा है।

पाठ — 15
विभिन्न प्रकार के शब्द

मौखिक

1. संस्कृत के।

2. ऐसे शब्द जो एक शब्द के अनेक अर्थों का बोध कराएँ, उन्हें **अनेकार्थक** या **अनेकार्थी शब्द** कहते हैं।

3. हिंदी भाषा में ऐसे अनेक शब्दों का प्रयोग होता है, जो उच्चारण की दृष्टि से लगभग समान होकर भी पूर्णत: भिन्न अर्थ को उजागर करते हैं, ऐसे शब्दों को **समरूपी भिन्नार्थक शब्द** कहते हैं।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (✓)
(ग) (×)

2. (क) किसान **(ख)** उल्लू
(ग) खीर **(घ)** फूल
(ङ) उजला **(च)** घी

3.

(क) समूह	पत्ता
(ख) एक फल	साधारण
(ग) पंख	पन्द्रह दिन का समय
(घ) घड़ा	मन

4.

(क) बाण	**(ख)** बादल
तालाब	कमल
(ग) विष्णु भगवान	**(घ)** जुलाहा
हरे रंग की	पुत्र
(ङ) चलाने वाला	**(च)** संख्या
पटु	भाग

5. (क) स्वयं को दूसरे से श्रेष्ठ समझना
रमेश बात-बात पर अभिमान दिखाता है।
झूठा घमंड
मोहन को धन का अहंकार है।

(ख) कुछ नया करना
वैज्ञानिक खोज के लिए प्रयोग करते रहते हैं।
अच्छे ढंग से उपयोग में लेना
मैंने रुपयों का उपयोग कर लिया।

6. (क) निडर **(ख)** अद्‌वितीय
(ग) मृदुभाषी **(घ)** प्रजातंत्र
(ङ) निर्बल **(च)** सर्वव्यापी

7. (क) संस्कृत भाषा के वे शब्द जिनका उपयोग हिंदी में ज्यों-का-त्यों किया जाए, उन्हें **तत्सम शब्द** कहते हैं। इनके परिवर्तित रूप को **तद्‌भव शब्द** कहते हैं।

(ख) ऐसे शब्द जिनके अर्थ प्रायः समान होते हैं किंतु अर्थ में सूक्ष्म भेद होता है। इनका प्रयोग एक-दूसरे के स्थान पर नहीं किया जा सकता है, इन्हें **एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्द** कहते हैं।

(ग) हिंदी भाषा में ऐसे अनेक शब्दों का प्रयोग होता है, जो उच्चारण की दृष्टि से लगभग समान होकर भी पूर्णतः भिन्न अर्थ को उजागर करते हैं, ऐसे शब्दों को **समरूपी भिन्नार्थक शब्द** कहते हैं।

जैसे–कटि – कमर
कीट – कीड़ा

आओ कुछ करें

तत्सम	तद्‌भव
घट	घड़ा
गृह	घर
घृत	घी
ओष्ठ	होंठ
दंत	दाँत
ग्राम	गाँव

पाठ – 16
मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

मौखिक

1. बातचीत।
2. अरबी भाषा का।
3. लोगों द्वारा कही गई उक्ति।
4. लोकोक्ति।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (×)
(ग) (✓) **(घ)** (×)
(ङ) (✓)

2.

उँगली उठाना	दोष लगाना
हाथ मलना	पछताना
कमर टूट जाना	हिम्मत टूट जाना
बलि का बकरा बनाना	निर्दोष को दोषी ठहराना
रंग उड़ना	चेहरा फीका पड़ना।

3. (क) **फूट-फूट कर रोना**–बहुत रोना
वाक्य–अपने पिता की मृत्यु का समाचार सुनकर वह फूट-फूट कर रोया।

(ख) **टका-सा जवाब देना**–साफ़ मना करना
वाक्य–प्रियंका के मदद माँगने पर राशि ने टका-सा जवाब दे दिया।

(ग) **नाक में दम करना**–बहुत तंग करना
वाक्य–बच्चों ने कक्षा में शोर मचाकर अध्यापक की नाक में दम कर दिया।

(घ) **माथा-पच्ची करना**– सिर खपाना
वाक्य–गणित के प्रश्नों में बहुत माथा-पच्ची करनी पड़ती है।

(ङ) **आँखों में धूल झोंकना**–धोखा देना
वाक्य–चोर ने पुलिस की आँखों में धूल झोंक दी।

4. (क) **एक पंथ दो काज**–दोहरा लाभ
वाक्य–मैं परीक्षा देने आगरा जा रहा हूँ, साथ ही ताजमहल भी देख लूँगा। इसको कहते हैं–एक पंथ दो काज।

(ख) **जैसी करनी, वैसी भरनी**–जैसा काम, वैसा फल
वाक्य–तुम पढ़े नहीं इसलिए फेल हो गए। किसी ने सच ही कहा है–जैसी करनी, वैसी भरनी।

(ग) **साँच को आँच नहीं**–सच को डर नहीं
वाक्य–मैं सब कुछ स्पष्ट बता दूँगा, इसमें घबराने की कोई जरूरत नहीं है-क्योंकि साँच को आँच नहीं।

(घ) **एक अनार सौ बीमार**–एक ही वस्तु के अनेक इच्छुक होना
वाक्य–एक बस में पचास यात्री आते हैं और यात्री हैं दो सौ। यह तो वही बात हुई कि एक अनार सौ बीमार।

(ङ) **अजगर के दाता राम**—आलसी दूसरों पर आश्रित रहते हैं

वाक्य—तुम कुछ करते तो हो नहीं फिर भी पेट भर लेते हो। सच है, अजगर के दाता राम।

5. (क) जो वाक्यांश अपने शाब्दिक अर्थ से पृथक एक विशेष अर्थ का बोध कराएँ, **मुहावरे** कहलाते हैं।

जैसे—मुँह में पानी आना—जी ललचाना

वाक्य—मिठाई देखते ही कामना के मुँह में पानी आ गया।

(ख) लोकोक्ति शब्द **लोक** + **उक्ति** से मिलकर बना है। जिसका अर्थ होता है, **लोगों के द्वारा कही गई उक्ति** अथवा कहावत। लोकोक्ति भाषा को सुंदर व रोचक बनाती है। लोकोक्तियाँ अपने आप में पूर्ण वाक्य होती हैं।

जैसे—आँखों के अंधे नाम नयनसुख—गुण के विपरीत

वाक्य—उसका नाम तो सुशील है, लेकिन वह सबसे लड़ता-झगड़ता रहता है। सच ही कहा गया है—आँख के अंधे नाम नयनसुख।

आओ कुछ करें

- **गले लगना**—प्यार करना → अँगूठा दिखाना—देने से साफ इनकार करना → अपने पैरों खड़ा होना—आत्मनिर्भर होना → गरदन पर सवार होना—पीछा ही न छोड़ना।
- **1.** अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।
  2. अपनी-अपनी ढपली अपना-अपना राग।
  3. काला अक्षर भैंस बराबर।
  4. जैसी करनी वैसी भरनी।
  5. चोर की दाढ़ी में तिनका।
  6. साँच को आँच नहीं।
  7. इस हाथ दे, उस हाथ ले।
  8. ईश्वर की माया, कहीं धूप कहीं छाया।

पाठ — 17
पत्र-लेखन

मौखिक

1. अपनी बात कहने के लिए।
2. लिखित रूप में अपनी बातों को अभिव्यक्त करने के लिए।
3. दो प्रकार के औपचारिक एवं अनौपचारिक पत्र
4. व्यापारिक संबंध में लिखे जाने वाले पत्रों को व्यावसायिक पत्र कहते हैं।
5. पत्र की भाषा सरल और स्पष्ट होनी चाहिए।

लिखित

1. (क) (✓) **(ख)** (×)
(ग) (×) **(घ)** (×)
(ङ) (✓)

2. (क) सेवा में,
श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय,
राजकीय उ. मा. विद्यालय, सूरतगढ़।

विषय — स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) के सम्बन्ध में।

मान्यवर,

विनम्र निवेदन है कि मेरे पिताजी न्याय-विभाग में कार्यरत हैं। उनका स्थानान्तरण सूरतगढ़ से जयपुर हो गया है। मुझे भी अपने पिताजी के साथ जयपुर जाना है। अत: श्रीमानजी से अनुरोध है कि मुझे अपने विद्यालय से स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र दिलवाने की कृपा करें, ताकि मैं जयपुर के राजकीय विद्यालय में प्रवेश लेकर अपना अध्ययन जारी रख सकूँ।

इस कृपा के लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा।

दिनांक – 25 दिसम्बर, 20__

आपका आज्ञाकारी शिष्य
रोहित नंदन
कक्षा 5 अ

(ख) सेवा में,
श्रीमान् प्रधानाध्यापक महोदय,
राजकीय माध्यमिक विद्यालय,
सिनसिनी (भरतपुर)।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा पाँच (ब) का छात्र हूँ। मेरे पिताजी के पास मात्र दो बीघा खेत है और हम चार भाई-बहिन हैं। सभी अध्ययन कर रहे हैं। पिताजी की अल्प आय होने के कारण

घर का खर्चा मुश्किल से चल पाता है, जिस पर चार बच्चों के शुल्क का खर्चा उठाना असम्भव है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो पिताजी मुझे पढ़ने से रोक सकते हैं। ऐसी हालत में श्रीमान् जी से प्रार्थना है कि यदि मेरा शुल्क माफ कर दें तो न केवल मेरी पढ़ाई अच्छी तरह चल पाएगी वरन् पिताजी को भी सहायता पहुँचेगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए अवश्य ही शुल्क मुक्ति प्रदान करने की कृपा करेंगे।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,
वीरपाल
कक्षा–5 (ब)

(ग) प्रिय मित्र विनोद,

हार्दिक बधाई।

कल निबन्ध प्रतियोगिता में तुम्हारी सफलता का समाचार सुनकर मन गद्‌गद् हो उठा। आखिर तुम्हारा श्रम और तुम्हारी पढ़ाई रंग ले ही आई। तुम हम सभी मित्रों के गर्व का आधार हो। इस सुअवसर पर मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करो।

मुझे विश्वास है कि शीघ्र ही तुम जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भी अपनी सफलता अंकित कराओगे।

तुमको और तुम्हारे परिवार को पुनः हार्दिक बधाई।

मिलने की आशा के साथ,

तुम्हारा मित्र
संजय कुमार

पाठ — 18
अपठित गद्यांश

1. शीर्षक–पुस्तकें हमारी मित्र
2. पुस्तकें हमें ज्ञान, मनोरंजन और विवेक देती हैं। कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग पर ले जाती हैं। इसलिए पुस्तकों को मित्र कहा गया है।
3. सामान्य मित्र तो संकट में साथ छोड़ जाते हैं, परन्तु पुस्तकें हमारा पूर्णतः साथ निभाती हैं। सामान्य मित्रों और पुस्तक–मित्रों में यही अंतर है।
4. जो पुस्तकें हमारी उन्नति में सहायक हों, ऐसी पुस्तकों का संग्रह करना चाहिए तथा गिरावट की ओर ले जाने वाली पुस्तकों का संग्रह नहीं करना चाहिए।
5. पुस्तकों से हमें निम्नलिखित लाभ हैं–

   (1) पुस्तकें हमें ज्ञान, मनोरंजन व विवेक देती हैं।

   (2) ये कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग पर ले जाती हैं।

   (3) निराश हृदयों में आशा का संचार करती हैं।

   (4) जीवन की जटिल समस्याओं को सुलझाने में मदद करती हैं।

   (5) ये जीवन भर पूर्णतः सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं।

पाठ — 19
अनुच्छेद–लेखन

1. **स्वच्छता**—स्वच्छता गन्दगी से मुक्त होने की स्थिति है। यह नियमित अभ्यास के माध्यम से स्वच्छता प्राप्त करने और बनाए रखने की प्रक्रिया है। स्वच्छता वह नैतिक गुण है, जो हमें वास्तविक स्वास्थ्य, सौंदर्य, आत्मविश्वास और खुशी की ओर ले जाता है। सामाजिक जीवन के लिए साफ–सफाई बहुत जरूरी है। स्वच्छता आत्मविश्वास बढ़ाने व दूसरों से सम्मान प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। हमें स्वच्छता का महत्व समझना चाहिए और स्वच्छता के नियमों का पालन करते हुए अन्य सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से मन स्वस्थ रहता है और हमें देवत्व की ओर बढ़ाता है। घर, स्कूल व समाज को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है।

   पूरा पर्यावरण हमारा घर है जिसे हमेशा स्वस्थ रखने के लिए हमें स्वच्छ रहने की आवश्यकता है। पर्यावरण बचाओ अभियान की शुरुआत हमें स्वयं स्वच्छता को अपनाकर करनी होगी। इसलिए, यह अच्छी तरह से कहा गया है कि स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो।

2. **वृक्षारोपण**—वृक्षारोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों का लगाना और हरियाली को फैलाना है। पर्यावरण को स्वच्छ और बेहतर बनाने में वृक्षों का बहुत बड़ा योगदान होता है। ये हवा को शुद्ध व स्वच्छ रखते हैं। वर्षा होने में भी वृक्षों का योगदान होता है। वृक्ष पानी को संरक्षित करते हैं। वृक्षारोपण करने से जंगलों का विकास

किया जाता है। जिससे पेड़ पक्षियों के साथ-साथ कई जानवरों के लिए एक आवास के रूप में सहायता करते हैं। पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। हमें पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए। वृक्षारोपण करने के लिए हमें आसपास सभी को प्रोत्साहित करना चाहिए।

दुनिया में सबसे पहले पेड़ों का ही जन्म हुआ था। पेड़-पौधों से हमें शुद्ध व साफ ऑक्सीजन देते हैं जोकि हमारे जीने के लिए अति आवश्यक है। वृक्ष हमें फल-फूल व छाया देते हैं। पेड़ पौधे हमारे मित्र हैं, हमें इनको काटने से बचाना चाहिए।

पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ,
अपनी पृथ्वी को सुंदर बनाओ।

3. **बढ़ती महँगाई**—महँगाई का अर्थ होता है—वस्तुओं की कीमत में वृद्धि होना। महँगाई एक ऐसा शब्द है जिससे लोगों के जीवन व देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव आते हैं। महँगाई मनुष्य की आजीविका को भी प्रभावित करती है। आज तक देश में बढ़ती महँगाई एक प्रकार की समस्या बना हुई है।

आज मानव को दैनिक उपयोग की वस्तुओं को जुटाने में कठिन परिश्रम करना पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, तेल, घी, दाल, नमक आदि भी जुटाना कठिन हो गया है। गरीब व मध्यम वर्ग परिवार को महँगाई का सामना करना पड़ता है। इनकी आजीविका पर उल्टा असर पड़ रहा है।

महँगाई के चलते भूख से लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। अत: सरकार को अपनी नीतियों में संशोधन करके इस प्रकार की नीतियाँ बनानी चाहिए, जो कि गरीब व सामान्य वर्ग की जनता के हित में हो।

जिस प्रकार हवा को केवल महसूस किया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार महँगाई का अनुभव किया जा सकता है। महँगाई के कारण लोग अपनी आवश्यकताओं में कमी करने लगते हैं। महँगाई का एक प्रमुख कारण है कालाबाजारी है। कालाबाजारी करने से वस्तुओं की कीमत बढ़ जाती है, जिससे बाजार में महँगाई बढ़ती जाती है। सरकार को महँगाई में कमी लाने के लिए नियम बनाये जाने चाहिए। जिससे सभी को राहत मिल सके।

4. **आतंकवाद**—पूरे विश्व के लिए आतंकवाद एक समस्या बन चुका है। इसका इस्तेमाल आम लोगों और सरकार को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। आतंकवादी अपना डर बनाने के लिए उद्योगपतियों व राजनैतिक लोगों का इस्तेमाल करते हैं और विश्व की शान्ति खत्म कर देते हैं। आतंकवाद के कारण प्रत्येक देश में सभी लोग शिकार बनाये जा रहे हैं।

बेरोजगारी, अशिक्षा, मानवीय विषमताएँ आदि अनेक कारणों से समाज में असंतोष का जन्म होता है। इस असंतोष के कारण जो लोग देश व समाज से अलग हो जाते हैं, वे ही लोग समाज में आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं और शान्ति खत्म करते हैं।

भारत भी आतंकवाद का शिकार है। भारत के अनेक भागों—कश्मीर, पंजाब, दक्षिण भारत व अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों ने देश की एकता और अखण्डता के लिए खतरा पैदा कर दिया है।

समय-समय पर देश के बड़े-बड़े शहरों में हो रही आतंकवादी घटनाओं से जनता में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। सभी देशों ने आतंकवाद जैसी समस्या को गंभीरता से लिया है। सभी मिलकर इस समस्या को जड़ से खत्म कर सकते हैं। आतंकवाद, देश के सभी युवाओं के विकास और वृद्धि को श्वभावित करता है। जिससे राष्ट्र विकास की गति से कई वर्ष पिछड़ जाता है। अत: इस आतंकवाद को शिक्षा के विकास द्वारा खत्म किया जा सकता है। शिक्षा का विकास प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए।

5. **भ्रष्टाचार**—भ्रष्टाचार एक बीमारी की तरह है। आज भारत देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। यदि समय रहते इसे रोका नहीं गया तो पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगा और देश को आंतरिक रूप से खोखला कर देगा। भ्रष्टाचार का प्रभाव अत्यंत व्यापक है। असमानता, आर्थिक, सामाजिक, पद-प्रतिष्ठा के कारण भी व्यक्ति अपने आप को भ्रष्ट बना लेता है।

समाज में फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। भ्रष्टाचार की ऐसी स्थिति बनी हुई है कि यदि कोई रिश्वत के मामले में पकड़ा जाता है तो वह रिश्वत देकर ही छूट जाता है। भ्रष्टाचार के लिए कठोर दण्ड प्रक्रिया लागू करनी होगी नहीं तो यह दीमक की तरह सब खोखला कर देगा।

दुनियाभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए 9 दिसम्बर को 'अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस' मनाया जाता है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लोगों को स्वयं में ईमानदारी विकसित करनी होगी; जिससे कि भविष्य में आने वाली पीढ़ी तक भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रोत्साहन मिले।

भ्रष्टाचार को दूर करो,
बेहतर देश का निर्माण करो।

6. **बढ़ती जनसंख्या**—वर्तमान समय में बढ़ती जनसंख्या एक विकराल समस्या बन चुकी है, जिससे निपटने के लिए जल्द से जल्द जरूरी कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। आज हमें ही नहीं बल्कि कई देशों की जनसंख्या वृद्धि के कारण ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और

बढ़ती जनसंख्या के कारण ही लोगों को खाना-पीना और रहने की भी समस्या हो रही है।

बढ़ती जनसंख्या प्राकृतिक संसाधनों को भी प्रभावित करती है। जनसंख्या वृद्धि के कारण ही पर्यावरण दिन-प्रतिदिन दूषित होता जा रहा है। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैल रही हैं। जिससे जनसंख्या को ही पीड़ित होना पड़ता है।

जनसंख्या वृद्धि आर्थिक विकास में भी रुकावट पैदा कर रही है जिससे लोगों को बेरोजगारी की दयनीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कम आय वाले परिवार को महँगाई के दौर में जो कि जनसंख्या वृद्धि के कारण होती है, रोटी-कपड़ा-मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

बढ़ती जनसंख्या आने वाली पीढ़ी के लिए अभिशाप बन रही है, क्योंकि इसके कारण अशिक्षा, आर्थिक मंदी की समस्या, स्वास्थ्य सेवाओं में कमी जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के विकास की रफ्तार कम हो जाती है। जिससे विकसित देश बनने में समय लगता है। हमें इस समस्या के लिए उचित उपाय करने होंगे।

'जनसंख्या पर रोक लगाएँ,
देश को उन्नत कर के दिखाएँ।'

प्रश्न-पत्र : 1

1. (क) (ii) देवनागरी **(ख)** (i) तेलुगू
(ग) (iii) तीन **(घ)** (ii) अविकारी शब्द
(ङ) (ii) जातिवाचक

2.

सुनारिन	स्वामी
बाघ	हंस
पंडिताइन	श्रीमती

3. (क) जिन शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति की संख्या का बोध होता है, उन्हें **वचन** कहते हैं।

एक **तितली** उड़ रही है।
तीन **तितलियाँ** उड़ रही हैं।
एक **कुत्ता** भाग रहा है।
चार **कुत्ते** भाग रहे हैं।

ऊपर दिए गए वाक्यों में **तितली** और **कुत्ता** शब्द संख्या में एक होने का तथा **तितलियाँ** और **कुत्ते** शब्द संख्या में एक से अधिक होने का बोध करा रहे हैं।

(ख) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ इनका संबंध पता चलता है, उसे **कारक** कहते हैं।

कारक के आठ प्रकार हैं–

1. कर्ता कारक – ने
2. कर्म कारक – को
3. करण कारक – से, के द्वारा
4. संप्रदान कारक – के लिए, को
5. अपादान कारक – से (अलग होना)
6. संबंध कारक – का, के, की, रा, रे, री
7. अधिकरण कारक – में, पर
8. संबोधन कारक – हे! अरे! ओह!

(ग) **अपादान कारक**–जिन शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति का अलग होना पाया जाए, उसे **अपादान कारक** कहते हैं। इसका परसर्ग **से** है; जैसे–

1. पेड़ **से** पत्ते गिरते हैं।
2. वह छत **से** गिर पड़ा।

संबंध कारक–जो शब्द वाक्य में आए अन्य शब्दों से संबंध बताते हैं, उन्हें **संबंध कारक** ठकहते हैं। इसके परसर्ग **का, के, की** तथा **रा, री, रे** हैं।

1. यह पेन रुचि **का** है।
2. वे हमा**रे** कक्षाध्यापक हैं।

(घ) **निश्चयवाचक सर्वनाम**–जो सर्वनाम किसी पास अथवा दूर की वस्तु या व्यक्ति का एक निश्चित बोध कराए, उसे **निश्चयवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे–यह, वह, ये, वे आदि।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम–जो सर्वनाम किसी पास अथवा दूर की वस्तु या व्यक्ति का एक निश्चित बोध न कराए, उसे **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे–कोई, कुछ, किसका आदि।

(ङ) **प्रश्नवाचक सर्वनाम**–जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, उन्हें **प्रश्नवाचक सर्वनाम** कहते हैं; जैसे–कौन, क्या, किसने, किसे, किससे आदि।

प्रश्न-पत्र : 2

1. (क) (×) **(ख)** (×)
(ग) (✓) **(घ)** (✓)
(ङ) (✓)

2. (क) इकहरा उद्धरण चिह्न **(ङ)** विस्मयादि-बोधक चिह्न
(ख) पूर्ण विराम **(च)** अल्प विराम
(ग) प्रश्नवाचक चिह्न **(छ)** अर्द्ध विराम
(घ) उपविराम **(ज)** योजक चिह्न

3. (क) (उदास होना) आज तुम्हारा मुँह क्यों उतरा हुआ है।
(ख) (बढ़-चढ़कर बातें करना) महेश अपने भाई के बारे में डींग मारता फिरता है।

(ग) (जोर-जोर से रोना) माँ ने जब नीलू को खिलौना नहीं दिया तो वह फूट-फूटकर रोने लगी।

4. (क) सेवा में,

श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय,
राजकीय उ. मा. विद्यालय, सूरतगढ़।

विषय — स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) के सम्बन्ध में।

मान्यवर,

विनम्र निवेदन है कि मेरे पिताजी न्याय-विभाग में कार्यरत हैं। उनका स्थानान्तरण सूरतगढ़ से जयपुर हो गया है। मुझे भी अपने पिताजी के साथ जयपुर जाना है। अतः श्रीमानजी से अनुरोध है कि मुझे अपने विद्यालय से स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र दिलवाने की कृपा करें, ताकि मैं जयपुर के राजकीय विद्यालय में प्रवेश लेकर अपना अध्ययन जारी रख सकूँ।

इस कृपा के लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा।

दिनांक – 25 दिसम्बर, 20_ _

आपका आज्ञाकारी शिष्य
रोहित नंदन
कक्षा 5 अ

5. (क) मेरे आदर्श अध्यापक—हमारे विद्यालय में अनेक अध्यापक हैं परन्तु मुझे मेहुल वर्मा, जो मेरे कक्षा अध्यापक हैं, बहुत अच्छे लगते हैं। वे हमें हिंदी पढ़ाते हैं। उनका स्वभाव सरल व स्पष्टवादी है। वे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए सभी छात्रों को प्रेरित करते हैं। उन्हें देखकर मुझे अपने प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की याद आ जाती है। वे उनकी तरह छोटी कद-काठी के हैं, उनकी बातों में सदैव आत्मविश्वास झलकता है। वे मेरे आदर्श हैं। श्री मेहुल वर्मा जी का पढ़ाने का ढंग बहुत अच्छा है। वे हर पाठ को विस्तारपूर्वक समझाते हैं, जब तक पाठ प्रत्येक बच्चे की समझ में नहीं आता जाता तब तक वे अन्य पाठ नहीं पढ़ाते तथा बच्चों की पाठ्यक्रम-संबंधी समस्या को बारी-बारी से सुनते हैं और उनका निवारण भी करते हैं। उन्हें कभी भी क्रोध नहीं आता, उनके चेहरे पर सदैव मुस्कान रहती है। वे पढ़ाई में कमज़ोर बच्चे पर अधिक ध्यान देते हैं। कभी-कभी तो अतिरिक्त कक्षा लेकर उन्हें पढ़ा देते हैं। सदैव ज़रूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। मैं अपने अध्यापक श्री मेहुल वर्मा जी का बहुत आदर व सम्मान करता हूँ। मैं भी उनके पदचिह्नों पर चलकर एक दिन उनका नाम रोशन करूँगा।

(ख) भ्रष्टाचार—भ्रष्टाचार एक बीमारी की तरह है। आज भारत देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। यदि समय रहते इसे रोका नहीं गया तो पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगा और देश को आंतरिक रूप से खोखला कर देगा। भ्रष्टाचार का प्रभाव अत्यंत व्यापक है। असमानता, आर्थिक, सामाजिक, पद-प्रतिष्ठा के कारण भी व्यक्ति अपने आप को भ्रष्ट बना लेता है।

समाज में फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। भ्रष्टाचार की ऐसी स्थिति बनी हुई है कि यदि कोई रिश्वत के मामले में पकड़ा जाता है तो वह रिश्वत देकर ही छूट जाता है। भ्रष्टाचार के लिए कठोर दण्ड प्रक्रिया लागू करनी होगी नहीं तो यह दीमक की तरह सब खोखला कर देगा।

दुनियाभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक्ता पैदा करने के लिए 9 दिसम्बर को 'अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस' मनाया जाता है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लोगों को स्वयं में ईमानदारी विकसित करनी होगी; जिससे कि भविष्य में आने वाली पीढ़ी तक सुआचारण व भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रोत्साहन मिले।

भ्रष्टाचार को दूर करो,
देश का निर्माण करो।

3. बढ़ती महँगाई—महँगाई का अर्थ होता है—वस्तुओं की कीमत में वृद्धि होना। महँगाई एक ऐसा शब्द है जिससे लोगों के जीवन व देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव आते हैं। महँगाई मनुष्य की आजीविका को भी प्रभावित करती है। आज तक देश में बढ़ती महँगाई एक प्रकार की समस्या बना हुई है।

आज मानव को दैनिक उपयोग की वस्तुओं को जुटाने में कठिन परिश्रम करना पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, तेल, घी, दाल, नमक आदि भी जुटाना कठिन हो गया है। गरीब व मध्यम वर्ग परिवार को महँगाई का सामना करना पड़ता है। इनकी आजीविका पर उल्टा असर पड़ रहा है।

महँगाई के चलते भूख से लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। अतः सरकार को अपनी नीतियों में संशोधन करके इस प्रकार की नीतियाँ बनानी चाहिए, जो कि गरीब व सामान्य वर्ग की जनता के हित में हों।

महँगाई के कारण लोग अपनी आवश्यकताओं में कमी करने लगते हैं। महँगाई का एक प्रमुख कारण कालाबाजारी है। कालाबाजारी करने से वस्तुओं की कीमत बढ़ जाती है, जिससे बाजार में महँगाई बढ़ती जाती है। सरकार को महँगाई में सुधार लाने के लिए नियम बनाये जाने चाहिए। जिससे सभी को राहत मिल सके।

❑❑